Starred Question No. *55(Listed on 19.12.2023)

Question Code *14/17/81

INDEX

Sr. No.	Subject	Page No.
1.	Reply of question No.55 in English	1-2
2.	Reply of question No.55 in Hindi	3-4

The Expenditure Incurred on Jan- Sanwad Programs

***55. Shri Neeraj Sharma, MLA (Faridabad NIT):**
Will the Chief Minister be pleased to state:

d) whether the 'Jan-Sanwad' programs being conducted in State are organized by the Government;

b) whether the local M.L.A. of that area is being invited for 'Jan-Sanwad' program where the 'Jan- Sanwad' program is being organized;

c) the details of head of account from which the expenditure is being incurred on 'Jan-Sanwad' programs; and

d) whether the provision in budget was made by the Government for the said expenditure, incurred on 'Jan-Sanwad' programs?

Reply of Manohar Lal, Chief Minister:

Sir, a statement is laid on the Table of the House.

Statement of Manohar Lal, Chief Minister in respect of reply to Starred Assembly Question No.*55 asked by Shri Neeraj Sharma, MLA (Faridabad NIT).

a) Yes, Sir. The 'Jan Samvaad' programmes are organized by the State Government through local administration.

b) No specific written invitations are sent to any dignitary, however, they can attend the same.

c) The demands and issues raised during 'Jan Samvaad' programmes are dealt with by the departments concerned or agencies concerned of Government. Examination and the resolutions of these demands or issues are done within the policy and development parameters laid down from time to time. Small expenditure on organization of 'Jan Samvaad' programme at site is done by local bodies.

d) The resolution of demands and issues are expected to be done within the budgetary provisions available with each Department of Government or Government organizations. In case additional budgetary provisions is required, the same can be provided after due appropriation and approval of the competent authority.

जन संवाद कार्यक्रमों पर किया गया खर्च

***55.** श्री नीरज शर्मा, विधायक (फरीदाबाद एनआईटी) :

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) क्या राज्य में संचालित ''जन–संवाद'' कार्यक्रमों को सरकार द्वारा आयोजित किया जा रहा है ;

(ख) क्या उस क्षेत्र के स्थानीय विधायक को ''जन–संवाद'' कार्यक्रमों के लिए निमंत्रण दिया जा रहा है जहां ''जन–संवाद'' कार्यक्रम आयोजित किया जाता है ;

(ग) लेखा शीर्ष का ब्यौरा क्या है जिससे ''जन–संवाद'' कार्यक्रमों पर राशि खर्च की जा रही है ; तथा

(घ) क्या ''जन–संवाद'' कार्यक्रमों पर हुए उक्त खर्च के लिए सरकार द्वारा बजट में प्रावधान किया गया था ?

—————

मनोहर लाल, मुख्यमंत्री, हरियाणा

श्रीमान जी, एक वक्तव्य सदन के पटल पर रखा गया है।

—————

श्री नीरज शर्मा, विधायक (फरीदाबाद एनआईटी) द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या *55 के उत्तर के संबंध में मुख्यमंत्री मनोहर लाल का वक्तव्य।

(क) जी हां । सरकार द्वारा स्थानीय प्रशासन के माध्यम से ''जन–संवाद'' कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ;

(ख) किसी भी गणमान्य अतिथि को विशेष लिखित निमंत्रण नहीं भेजा जाता है, फिर भी वे उसमें भाग ले सकते हैं ;

(ग) ''जन–संवाद'' कार्यक्रमों के दौरान उठाई गई मांगों और मुद्दों का निपटान सरकार के सम्बन्धित विभागों या सम्बन्धित एजेंसीयों द्वारा किया जाता है। इन मांगों और मुद्दों का परिक्षण और निपटान समय समय पर निर्धारित नीतियों और विकास के पैमानों के तहत किया जाता है। ''जन–संवाद'' कार्यक्रमों के आयोजन स्थल पर स्थानीय निकायों द्वारा अल्प खर्च किया जाता है ; तथा

(घ) ''जन–संवाद'' कार्यक्रमों के दौरान उठाई गई मांगों और मुद्दों का निपटान प्रत्येक सरकारी विभाग या संगठन में उपलब्ध बजट प्रावधान के तहत किये जाने की अपेक्षा की जाती है। यदि अतिरिक्त बजट प्रावधान की आवश्यकता है, तो उसे सक्षम प्राधिकारी के उचित विनियोग और अनुमोदन उपरान्त किया जा सकता है।